हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 25 सितंबर 2026

9 एनएसएस कैंप में पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा

10 शोभित, मयंक और अरमान ने तैराकी में जीते पदक

खबर संक्षेप

सायं 6 बजे से सुबह 10 बजे तक कंबाइन से धान कटाई पर रोक

झज्जर। खरीफ विपणन सीजन के दौरान धान खरीद प्रक्रिया को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिलाधीश वर्षा खांगवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेश आगामी 23 नवंबर तक प्रभावी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में कंबाइन हार्वेस्टर से धान की कटाई का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि खरीद केंद्र पर लाई जाने वाली धान की फसल निर्धारित खरीद मापदंडों के अनुरूप होनी चाहिए। धान में नमी की सीमा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

आईटीआई साल्हावास में रोजगार मेला 28 को

झज्जर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साल्हावास में आगामी 28 सितंबर को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के अप्रेंटिस अनुदेशक प्रवीन कायत ने बताया कि सुबह 10 बजे शुरू होने वाले इस एक दिवसीय मेले में देश की प्रसिद्ध कंपनियां साक्षात्कार लेते हुए विभिन्न पदों पर युवाओं का चयन करेगी। सुब्रोस लिमिटेड मानेसर द्वारा सभी इंजीनियरिंग ट्रेड के आईटीआई पास-आउट युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के 70 पदों पर, मुसाशी ऑटो पार्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन व डीजल मैकेनिक ट्रेड के पास-आउट पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 100 पदों पर भर्ती की जाएगी।

बराही गांव में किसानों की सोलर प्लेट तोड़ी

बहादुरगढ़। ग्रामीण क्षेत्र में खेतों में लगी सोलर मोटर व प्लेटें चोरों के निशाने पर हैं। हाल ही में गांव बराही में तीन किसानों के खेतों में वारदात हो गई। चोरों ने सोलर प्लेटें तोड़ दी और कंट्रोलर चुरा कर ले गए। नरेश, उसके भाई ब्रह्मप्रकाश व कृष्ण चंद्र के खेतों में वारदात हुई है। जब वे खेत में पहुंचे तो प्लेटें टूटी हुई थी और कंट्रोलर गायब थे। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

प्राइवेट स्कूल एसो. की बैठक में कल होगा मंथन

झज्जर। निजी स्कूलों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा शनिवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रधान सुखबीर सिंह धनखड़ ने बताया कि बैठक सांपला रोड स्थित आरएस मॉडर्न स्कूल में होगी। इस दौरान एनरोलमेंट प्रक्रिया में जन्म प्रमाण-पत्र को अनिवार्य करने, विद्यालयों की मान्यता के नवीनीकरण सहित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजपा नेता दिनेश कौशिक व गणेश दास महाराज ने किया भूमि पूजन

नजफगढ़ रोड पर बालाजी मंदिर के पास सवा करोड़ में बनेगा राम द्वार

राम द्वार शहर की आस्था और संस्कृति को प्रदर्शित करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नजफगढ़ रोड पर झाड़ौदा बॉर्डर की तरफ बालाजी मंदिर के पास भव्य राम द्वार के निर्माण कार्य का वीरवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी और भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने बालाजी मंदिर के महंत गणेश दास महाराज के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से इस भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होगा।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में शहरों के विकास के साथ-साथ धार्मिक और

बहादुरगढ़। राम द्वार के निर्माण से पहले भूमि पूजन करतीं चेयरपर्सन व अन्य।

सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत किया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल के मार्गदर्शन में बहादुरगढ़ में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राम द्वार बहादुरगढ़ की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगा। इस भव्य द्वार के निर्माण से शहर के प्रवेश मार्ग की सुंदरता बढ़ेगी और यहां आने वाले लोगों को बहादुरगढ़ की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान की झलक मिलेगी। दिनेश कौशिक ने कहा कि झाड़ौदा रोड पर बनने वाला यह राम द्वार बहादुरगढ़ की पहचान में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

भगवान श्रीराम के नाम और धार्मिक प्रतीकों से सुसज्जित यह प्रवेश द्वार शहर की आस्था और संस्कृति को प्रदर्शित करेगा। करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले राम द्वार में राजस्थान के प्रसिद्ध लाल पत्थर का प्रयोग किया जाएगा। इस मौके पर मंदिर समिति के प्रधान रमेश गुप्ता, सचिव सुधीर जैन, चिराग परूथी, प्रवीण बंसल, पालेराम शर्मा, पार्षद राजेश तंवर, सविता सैनी, दिनेश शेखावत, नीरज जेई, सुमित बराही आदि मौजूद रहे।

44 लाख में बनेंगी देव नगर की गलियां, किया शुभारंभ

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। वार्ड नंबर-26 में देव नगर की गलियों के विकास कार्यों का वीरवार को शुभारंभ किया गया। करीब 44 लाख रुपये की लागत से देव नगर गली नंबर 5-6 की करीब 10 गलियों की अप्रोच तथा देव नगर गली नंबर एक का निर्माण कराया जाएगा। नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी, भाजपा नेता दिनेश कौशिक और पार्षद बलराम दलाल की मौजूदगी में वार्ड की बुजुर्ग महिला ओमवती लोहचब ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सरोज राठी ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार गलियों, सड़कों, नालियों और अन्य

विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। दिनेश कौशिक ने कहा कि देव नगर में करीब 44 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से स्थानीय लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। बलराम दलाल ने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता और समय सीमा के अनुसार पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद राजेश तंवर, दिनेश शेखावत, नितिन लोहचब, कैप्टन जगबीर देशवाल, जगबीर जांगड़ा, पंडित राज, धर्मपाल जांगड़ा, नफे सिंह, राज दलाल, देवेंद्र, तारीफ सिंह, मीनाक्षी दलाल, रानी, सुमन, लक्ष्मी, बीता, कृष्णा, विमला आदि मौजूद रहे।

दुकानों में आने वाले ट्रांसपोर्ट वाहनों को करंट का खतरा

मेन बाजार में नीचे लटक रहे बिजली के तार, विभाग को हादसे का इंतजार

- मेन बाजार में रामलीला की झांकियां धूमधाम से निकलती हैं, लटकते तारों से बना रहेगा हादसे का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के मेन बाजार में चौपटा बाजार से मां वैष्णव चौक तक नीचे लटक रहे बिजली के तार दुकानदारों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। तार कई स्थानों पर इतने नीचे आ गए हैं कि खासकर ट्रांसपोर्ट वाहनों के आवागमन और सामान उतारने-चढ़ाने के दौरान परेशानी बनी रहती है। दुकानदारों का कहना है कि समय रहते बिजली निगम द्वारा इन तारों को ऊंचा नहीं किया गया तो आगामी रामलीला के दिनों में दिक्कत बढ़ सकती है। दुकानदार नरेंद्र सोनी, ताराचंद भूटानी, रामेश्वर, राजेंद्र

झज्जर। बाजार में लटकते हुए तारों को दिखाते हुए दुकानदार।

सिटी पल्स

सोनी, हैप्पी वशिष्ठ, नीरज, सतीश कुमार, रण सिंह, महेंद्र और आनंद आदि ने बताया कि बाजार में दुकानदारों को जब सामान मंगवाना होता है या ई-रिक्शा पर सामान लोड कराया जाता है तो नीचे लटक रहे तारों के कारण संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है। रात के समय और अलसुबह आने वाले ट्रांसपोर्ट वाहनों को भी माल उतारने में परेशानी होती है। कई बार ऊपर तक भरे माल के बैग तारों में उलझकर नीचे गिरने की स्थिति बन जाती है। दुकानदारों ने बताया कि आगामी माह में रामलीलाओं का मंचन होना है। प्राचीन परंपरा के अनुसार श्रीराम जन्म, श्रीराम बारात, भरत-मिलाप सहित विभिन्न झांकियां बाजार से होकर निकलती हैं। ऐसे में नीचे लटक रहे तारों के कारण झांकियों के संचालन में परेशानी आने की आशंका है।

मुकुटधारी हनुमान की झांकी पर संकट

किरयाणा सामान विक्रेता ईश्वर चंद ने बताया कि रामलीला के दौरान निकलने वाली झांकियों में लंबे मुकुटधारी हनुमानजी भी शामिल होते हैं। यदि तार इसी तरह नीचे रहे तो लंबे मुकुट इनके संपर्क में आ सकते हैं। इसके अलावा डीजे और झांकियों के रथों के आवागमन में भी दिक्कत आ सकती है।

नया पोल तो लगाया तार ऊंचे नहीं किए

अजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने पहले भी इस समस्या को उठाया था। करीब एक माह पहले बिजली निगम के कर्मचारियों ने बाजार के बीच में नया बिजली पोल लगाया था। इससे दुकानदारों को उम्मीद जगी थी कि अब तारों को ऊंचा कर दिया जाएगा, लेकिन नए पोल पर तार नहीं लगाए गए हैं।

समय रहते किया जाए स्थिति में सुधार

मुकेश सैनी ने बताया कि बाजार के अधिकांश हिस्सों में पहले इसी प्रकार की समस्या थी। बिजली निगम के कर्मचारियों ने पुराना डाकखाना परिसर से डायमंड चौक और आगे प्राचीन हनुमान मंदिर तक बिजली व्यवस्था को काफी हद तक दुरुस्त कर दिया है। यहां की समस्या को भी समय रहते दूर किया जाए।

ज्ञापन देकर समाधान की मांग

वार्ड 31 में पेयजल सप्लाई बाधित, गंदा पानी आ रहा

बहादुरगढ़। जेई को ज्ञापन सौंपते सिकंदर व वार्ड की महिलाएं।

- महिलाओं ने पार्षद प्रतिनिधि सिकंदर के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वार्ड-31 में पेयजल समस्या गहराई हुई है। समस्याओं से त्रस्त महिलाओं ने पार्षद प्रतिनिधि सिकंदर के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। महिलाओं ने कहा कि कई-कई दिनों तक पानी की सप्लाई बाधित रहती है। जब पानी आता है तो वह गंदा व बदबूदार होता है। दूषित पानी को पीना तो दूर अन्य कामों में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। पार्षद प्रतिनिधि सिकंदर प्रधान ने कहा कि वार्डवासियों को स्वच्छ व नियमित पेयजल उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की। साथ ही चेतावनी भी दी कि जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो वार्डवासी कार्यालय में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर गुड्डी, वीरमति, नीलू, सुमित्रा, निशा, सरिता, सुदेश, सत्तो, राजो, राधा, इंदु, मोनिका रानी, राजरानी, मनीषा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

साइबर ठगों ने चार और को बनाया निशाना, इस साल केस 100 से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आए दिन किसी न किसी के साथ ठगी हो रही है। अब यहां सेक्टर-6 के निवासी राहुल के खाते से एक लाख 20 हजार तो शंकर गार्डन के निवासी योगेश के खाते से 70 हजार निकले हैं। जबकि झज्जर के वीरेंद्र के खाते से 9 लाख तो छुछकवास निवासी प्रवेश के खाते में करीब 2 लाख रुपये की सेंध लगाई गई हैं। किसी को एपीके फाइल भेजकर चपत लगाई जा रही है तो किसी को गैस कनेक्शन काटने का भय दिखाकर ठगा जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट के भी कई मामले हो चुके हैं। वहीं सामान खरीद के नाम पर भी लोग ठगे जाते रहे हैं। लगातार बढ़ती ठगी की वारदात लोगों को तो आर्थिक हानि पहुंचा ही रही है, पुलिस के लिए भी सिरदर्द बनी हैं।

बीते कुछ समय में पुलिस ने कई मामले सुलझाए भी हैं। पुलिस द्वारा लगातार लोगों को सतर्क किया जा रहा है। लेकिन मामले नहीं थम रहे। हालात ये हैं कि इस साल अभी तक साइबर थाना झज्जर में 102 एफआईआर हो चुकी हैं। अन्य थानों में भी धोखाधड़ी के मुकदमे हुए हैं। साइबर एक्सपर्ट भूपेश का कहना है कि वारदातें तो बढ़ती हैं लेकिन इसकी बड़ी वजह लापरवाही और जागरूकता का अभाव है।

मराठा मंडल ने किया गणेश प्रतिमा का विसर्जन

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। शहर के सुभाष चौक पर मराठा मंडल द्वारा संचालित गणेश महोत्सव के दसवें दिन झांकी के उपरांत गणेश प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। इससे पहले महाराष्ट्र से बुलाए बैंड की धुनों पर पंडाल के सदस्यों ने जमकर गुलाल उड़ाया। कुमार मराठा, युवराज, अक्षय, दीपक धनखड़, नरेंद्र राठी, लोकेश जांगड़ा, समुद्र वर्मा, प्रमोद राणा, पवन, अभिजित मराठा व संदीप आदि झांकी के उपरांत प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले गए। अब शुक्रवार को भी कई मंडलों की ओर से गणपति विसर्जन का आयोजन किया जाएगा।

पत्नी ने लाइसेंसी रिवाल्वर चुरा पति को मारीं 2 गोलियां

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। गांव सांखोल में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति ने पुलिस को बयान दे दिए हैं। पीड़ित ने पत्नी द्वारा गोली मारने, बेटे द्वारा वारदात में सहयोग करने और ससुराल पक्ष द्वारा उकसाने का आरोप लगाया है। आरोपों के आधार पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद असल स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। दरअसल, बुधवार को सांखोल का निवासी जोगेंद्र घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हुआ था। उसे पांव व पेट में गोली लगी थी। शुरुआत में बेटे द्वारा वारदात किए जाने की अफवाह चली थी लेकिन पुलिस को पीड़ित के बयान का इंतजार था। वीरवार दोपहर को पीड़ित ने बयान दिए। जोगेंद्र का आरोप है कि अलमारी का लॉकर तोड़कर पत्नी व बेटे ने मेरी लाइसेंसी पिस्तौल निकाल ली। जब मैं घर के अंदर आया तो पहले मेरे पांव पर गोली चलाई गई। जब बचने के लिए बाइक लेकर भागने लगा तो पेट में एक और गोली मार दी गई।

सख्ती — मैनपाल को शादी के लिए हाईकोर्ट से मिली 12 घंटे की कस्टडी पैरोल

गैंगस्टर ने पुलिस के साये में कंबोडियन युवती संग लिए 7 फेरे

- मेहमानों को भी कड़ी चेकिंग के बाद अंदर लाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला कारागार में उम्रकैद की सजा काट रहे गैंगस्टर मैनपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर वीरवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 12 घंटे की कस्टडी पैरोल पर बाहर लाया गया। एक फार्म हाउस पर उसने कंबोडिया की रहने वाली अपनी प्रेमिका मेटाचान के साथ हिंदू रीति-रिवाज से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सात फेरे लिए। कार्यक्रम स्थल पर जाने से पूर्व फार्म हाउस के प्रवेश द्वार पर अतिथियों की जानकारी जुटाई गई और

अपनी पत्नी मेटाचान के साथ मैनपाल।

झज्जर। पुत्रवधू को शगुन देते हुए मैनपाल की माता।

पहचान संबंधी पुख्ता जानकारी लेने के बाद उनकी एंट्री करवाई गई। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मेहमानों को समारोह के फोटो और वीडियो बनाने से भी मना किया गया। कार्यक्रम को लेकर दिनभर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। जबकि खुफिया विभाग भी दिनभर की गतिविधियों पर नजर जमाए रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहले उपहार और भोजन का कार्यक्रम चला। इसके बाद वैवाहिक रस्में पूरी होने के बाद हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक सात फेरे लेने के बाद विवाह संपन्न कराया गया। बाद में पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद मैनपाल को वापिस जेल भेज दिया गया।

2018 में कंबोडिया में हुई थी मुलाकात

जानकारी के मुताबिक, मैनपाल फर्जी पासपोर्ट बनवाकर कंबोडिया गया था। जिस घर में मैनपाल रहता था, उसी के पड़ोस में मेटाचान रहती थी। पड़ोस में रहने के कारण दोनों की मुलाकात हुई। इसके बाद दोनों साथ रहने लगे। मेटाचान ने मैनपाल के रेस्टोरेंट के काम में भी सहयोग किया। अब करीब आठ साल बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया है। दोनों के चार बच्चे हैं। वहीं, शादी के बाद मेटाचान 10 अक्टूबर तक ससुराल में रहेगी। बता दें कि मैनपाल के खिलाफ करीब 22 मामले दर्ज बताए गए हैं। इनमें वह उम्रकैद की सजा काट रहा है।

वर्ल्ड चैंपियनशिप में दम दिखाएगा सोनू अखाड़े का पहलवान साहिल कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हिंद केसरी सोनू अखाड़े का पहलवान साहिल कादियान कजाकिस्तान में कुश्ती में दम दिखाएगा। साहिल का वहां अक्टूबर माह के अंत में प्रस्तावित सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। साहिल के चयन पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है।

दरअसल, 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान के अस्ताना शहर में यह आयोजन होगा। इसके लिए तमाम देश तैयारियों में जुटे हैं। झज्जर जिले के ढराणा गांव का निवासी साहिल कादियान भी पसीना बहा रहा है। साहिल करीब पांच साल से मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास करता है। नेशनल में कई मेडल जीते हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुश्ती प्रेमियों और परिजनों को उम्मीद है कि इस दफा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वह देश के लिए मेडल जीतकर लौटेगा। अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि साहिल बेहद होनहार पहलवान है।

बहादुरगढ़। कोच धर्मेंद्र दलाल के साथ साहिल पहलवान।

लगातार अपने प्रदर्शन से इलाके का मान बढ़ा रहा है। यकीनन सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी देश का परचम लहराएगा। हाल ही में उसका चयन रेलवे में टीटीई के पद पर भी हुआ है। फिलहाल वह वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में जुटा है।

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

जन्म से ही अनोखी खूबियों वाले एनिमल्स के ये सुपर बेबीज

बच्चो, क्या तुम जानते हो कुछ एनिमल्स और बर्ड्स के बच्चे जन्म लेते ही चलने, दौड़ने, तैरने और उड़ने लगते हैं? वे बिना किसी ट्रेनिंग के अपनी सुरक्षा कर लेते हैं, भोजन का इंतजाम कर लेते हैं। जानो, कुछ ऐसे ही एनिमल्स और बर्ड्स बेबीज के बारे में।

कंगारू बिना आंखों के भी रास्ते की पहचान

कंगारू का बच्चा जब पैदा होता है, तो वह केवल एक जेली बीन (टॉफी) जितना छोटा होता है। वह न तो देख सकता है, न सुन सकता है। लेकिन उसकी समझदारी देखने वाली होती है। वह पैदा होते ही अपनी मां के पेट के बालों को पकड़कर रेंगता हुआ सीधे उसकी सुरक्षित थैली के अंदर पहुंच जाता है। बिना देखे सही रास्ता ढूंढ़ लेना किसी जादू से कम नहीं है। *

मैगापोड जन्म लेते ही उड़ान के लिए तैयार

मैगापोड, एक खास तरह का पक्षी होता है, जो ऑस्ट्रेलिया और उसके आस-पास के द्वीपों में पाया जाता है। इनके बच्चे इतने समझदार होते हैं कि जन्म लेने के 24 घंटे के अंदर ही आसमान में उड़ सकते हैं! सबसे हैरानी की बात यह है कि वे अपने माता-पिता से कभी नहीं मिलते। ये बच्चे जन्म से ही दुनिया के सबसे आत्मनिर्भर और दिमागी रूप से विकसित (होशियार) पक्षी माने जाते हैं। जीव विज्ञान में इन्हें 'सुपरप्रीकोशियल' कहा जाता है, जिसका मतलब है कि ये अंडे से निकलते ही पूरी तरह परिपक्व होते हैं। इन्हें जीवित रहने के लिए माता-पिता की कोई जरूरत नहीं होती। मैगापोड के माता-पिता अपने अंडे को जमीन या गर्म सड़ी-गली पत्तियों के ढेर के नीचे दबाकर छोड़ देते हैं। इसलिए ये बच्चे अपने माता-पिता को कभी नहीं देखते। अंडे से बाहर निकलने के बाद, वे अपनी सूझबूझ से जमीन के नीचे से रास्ता खोदकर खुद बाहर आते हैं। दुनिया के ज्यादातर पक्षी जन्म के समय कमजोर और बिना पंखों के होते हैं। इसके विपरीत, मैगापोड के बच्चे जब अंडे से निकलते हैं, तो उनकी आंखें खुली होती हैं, शरीर पर मजबूत पंख होते हैं, ये जन्म के पहले ही दिन से उड़ने, दौड़ने और शिकार करने में सक्षम होते हैं। इन्हें कोई यह नहीं सिखाता कि क्या खाना है, क्या नहीं। ये अपने जन्मजात ज्ञान की वजह से खुद ही कीड़े-मकोड़े और बीज ढूंढ़कर खाने लगते हैं। रिसर्च के अनुसार, इनके दिमाग में अपनी प्रजाति के चलने-फिरने के तरीकों को पहचानने की जन्मजात कोडिंग होती है। *

ब्लू व्हेल पैदा होते ही एक्टिव

दुनिया के सबसे बड़े जीव, ब्लू व्हेल का बच्चा जन्म के समय एक बड़ी कार जितना लंबा दिखता

है। इसकी लंबाई करीब 25 फीट होती है। पानी के अंदर पैदा होने के बाद वह तुरंत समझदारी दिखाते हुए तैरकर पानी की सतह पर आ जाता है ताकि सही ढंग से सांस ले सके। इतना ही नहीं, ब्लू व्हेल का बच्चा पैदा होते ही अपनी मां के साथ गहरे समंदर की यात्रा पर निकल पड़ता है। ऐसे तैरता है मानो मां के पेट से ही सीखकर आया हो। *

हाथी जन्म से भारी-भरकम और बुद्धिमान

हाथी के बच्चे का जन्म के समय औसत वजन लगभग 90 से 120 किलोग्राम होता है। इतने बड़े शरीर के बावजूद यह बच्चा जन्म के कुछ ही घंटों में चलने लगता है। हाथी का बच्चा बहुत समझदार होता है। वह तुरंत जरूरी बातें सीख जाता है, जैसे अपनी सूंड का इस्तेमाल कैसे करना है, झुंड के साथ कैसे तालमेल बनाकर चलना है ताकि वह सुरक्षित रहे। *

समुद्री कछुआ पैदा होते ही भाग-दौड़ शुरू

समुद्री कछुए के बच्चे वास्तव में प्रकृति के अद्भुत जीव होते हैं। ये बहुत बुद्धिमान होते हैं। अंडों से बाहर निकलते ही ये बच्चे अपनी जान बचाने, अपने घर यानी समुद्र तक पहुंचने के लिए असाधारण बुद्धिमत्ता और जन्मजात कौशल का प्रदर्शन करते हैं। इनके इस तरह होशियार होने के कुछ प्रमुख कारण हैं, जन्म लेते ही ये छोटे कछुए रेत की खुशबू, चंद्रमा की रोशनी और पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की मदद से अपनी जरूरत के रास्ते खोज लेते हैं। ये बच्चे बिना भटके सीधे समुद्र की ओर भागते हैं। जब ये समुद्र की तरफ रेंग रहे होते हैं, तब इनका दिमाग उस जगह की हर बारीकी जैसे रेत की गंध आदि को रिकॉर्ड कर रहा होता है। सालों बाद, जब ये बड़े होते हैं, तो अंडे देने के लिए बिल्कुल उसी समुद्र तट पर वापस आते हैं, जहां वे पैदा हुए थे। अंडे से निकलने के बाद ये बच्चे एक साथ रेत के अंदर को-ऑर्डिनेट करते हैं और मिलकर बाहर आते हैं ताकि शिकारियों से बचे रहें। इन बच्चों को कोई सिखाता नहीं है कि पानी में कैसे जाना है, शिकारियों से कैसे बचना है? *

बच्चो, नदियां सिर्फ हमें जल ही नहीं प्रदान करतीं, हमें आवागमन की सुविधा भी देती हैं। देश के शहरों और विश्व के विभिन्न देशों को आपस में जोड़ती हैं। **विश्व नदी दिवस (27 सितंबर)** के अवसर पर जानो, सबसे अधिक देशों से होकर गुजरने वाली डेन्यूब नदी के बारे में।

सबसे अधिक देशों से गुजरने वाली डेन्यूब नदी

जानकारी
रजनी अरोड़ा

बच्चो, नदियां सदियों से सभ्यता, कृषि, व्यापार और जीवन की आधारशिला रही हैं। नदियां पीने का पानी, रोजमर्रा के काम करने, खेती-बाड़ी करने के लिए जल का प्राकृतिक स्रोत होती हैं। सदियों से नदियां गांव-शहर ही नहीं, देशों को भी आपस में जोड़ती रही हैं। महत्वपूर्ण नदियां एक देश से दूसरे देश के आवागमन का माध्यम रही हैं, व्यापार का मार्ग रही हैं। दो-तीन देशों से होकर गुजरने वाली तो दुनिया में कई नदियां हैं। लेकिन डेन्यूब, दुनिया की अकेली ऐसी नदी है, जो दस देशों से होकर गुजरती है। जानो, इस नदी की विशेषताओं के बारे में-

क्यों कही जाती है अंतरराष्ट्रीय नदी: लगभग 2,850 किलोमीटर लंबी डेन्यूब नदी यूरोप महाद्वीप में वोल्गा नदी के बाद दूसरी सबसे लंबी नदी मानी जाती है। हालांकि यह दुनिया की दस सबसे लंबी नदियों की सूची में शामिल नहीं है। यह दुनिया की सबसे बड़ी या सबसे लंबी नदी भी नहीं है, फिर भी इसके प्रवाह की बात करें तो यह नदी सर्वाधिक देशों से होकर गुजरती है। यह नदी यूरोप के 10 देशों (जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया, सर्बिया, बुल्गारिया, रोमानिया, मोल्दोवा और यूक्रेन) से होकर या उनकी सीमाओं से होकर गुजरती है। इसमें भी खास बात यह है कि डेन्यूब नदी चार देशों की राजधानी विएना (ऑस्ट्रिया), ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया), बुडापेस्ट (हंगरी) और बेलग्रेड (सर्बिया) से होकर गुजरती है।

उद्गम और प्रवाह: डेन्यूब नदी का उद्गम जर्मनी के ब्लैक फॉरेस्ट क्षेत्र में स्थित डोनाउएशिंगेन के पास माना जाता है। जहां ब्रेग और ब्रिगाख नाम की छोटी नदियां मिलकर डेन्यूब नदी बनाती हैं। यहां से यह नदी पहले पूर्व दिशा और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर बहते हुए छोटे कस्बों, ऐतिहासिक शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों से गुजरती है।

कई यूरोपीय देशों की जीवनरेखा: डेन्यूब केवल एक नदी नहीं, बल्कि यूरोप की ऐतिहासिक और आर्थिक जीवनरेखा भी है। यूरोप के अंदरूनी जल परिवहन नेटवर्क का प्रमुख हिस्सा होने के कारण यह नदी, सदियों से जलापूर्ति, व्यापार, परिवहन के साथ-साथ अलग-अलग देशों और संस्कृतियों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मजेदार कविताएं

हाल में ही बाल कविताओं की एक किताब 'चंदा थाली में' प्रकाशित हुई है। इसमें कुल 28 प्यारी-प्यारी कविताएं हैं। 'चंदामामा' शीर्षक कविता बहुत मजेदार है। इसमें यह शिकायत की गई है कि जब चंदा, मामा हैं तो मम्मी से राखी बंधवाने क्यों नहीं आते हैं? 'बादल' कविता में बादल गड़गड़ाते हुए आते हैं और हाथी, घोड़ा, शेर ,ऊंट जैसे ढेर सारे चित्र आकाश में बनाकर चले जाते हैं। 'छुटकी' कविता में छुटकी के ढेर सारे कमाल हैं, जो तुम्हारा मनोरंजन करेंगे। 'चींटी रानी' कविता में उनके मिल-जुलकर एक पंक्ति में चलने के बारे में बताया गया है। इसमें इस बात को भी कविता में पिरोया गया है कि वे एक साथ चलते हुए भी कहीं जाम नहीं लगाती हैं। 'दीपावली' कविता में तुम पढ़ोगे कि यह खुशियों का त्योहार है। इसे झोपड़ियों वाले बच्चों के साथ मनाने और मिल-बांटकर मिठाइयां खाने का मजा ही कुछ और होता है। 'गर्मी की छुट्टियां' कविता में मस्ती करने की वे बातें हैं, जो तुम्हें अच्छी लगती हैं। इसी तरह 'जंगल में होली' कविता पढ़कर तुमको भी होली खेलने का मन करने लगेगा। इनके अलावा 'हरे-भरे पेड़', 'मोबाइल', 'नदी', 'इंद्रधनुष', 'चिड़िया' कविताएं भी तुम्हें जरूर पसंद आएंगी। *

किताब : चंदा थाली में, **रचनाकार :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

हंसगुल्ले

चिंटू : तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
मिंटू : दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।

-हर्षिता, महासमुंद

टीचर : बताओ, मोबाइल की खोज किसने की?
स्वीटी : सर, मेरी मम्मी ने।
टीचर : क्या ..!
स्वीटी : सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोज के दिया था।

-शिवम, रायपुर

जीके क्विज-224

1. टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय कौन बन गए हैं?
2. हाल में ही दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए किस अभिनेता के नाम की घोषणा की गई?
3. नुआखाई महोत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
4. यूएस ओपन 2026 में महिला एकल का खिताब किसने जीता है?
5. सबसे तेज दौड़ने वाला स्थलीय जीव कौन-सा है?
6. गेटवे ऑफ इंडिया किस शहर में स्थित है?
7. भारत की आजादी के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे?
8. सबसे कठोर प्राकृतिक पदार्थ कौन-सा है?
9. सबसे हल्की गैस कौन-सी है?
10. भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर किस संवत पर आधारित है?

बच्चों, जीके क्विज-224 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-223 का उत्तर : 1. होनहोन, 2. 27 सितंबर, 3. इटली, 4. हरियाणा, 5. मौर्य वंश, 6. चीन, 7. हृदय, 8. जबलपुर, 9. नाइट्रोजन, 10. डॉ. जितेंद्र सिंह

जीके क्विज-223 का सही उत्तर देने वाले : मनीष-रायपुर, प्रिया-बिलासपुर, मुकेश-दुर्ग, संजीव-रोहतक, विकास-रायगढ़, प्रियांशु-महासमुंद, दित्या-बलौदा बाजार, किशन-भिवानी, हर्ष-कांकेर, जतिन-दिल्ली, लक्ष्य-बालोद, दिव्या-बिलासपुर, कबीर-हिसार, आनंद-महेंद्रगढ़, अजय-कटनी, अंकित-रायपुर

कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

गोलू हाथी को अपने बलवान होने का बहुत घमंड था। उसे जंगल के पशु-पक्षियों को परेशान करने में बहुत मजा आता था। एक दिन वह ऐसी मुसीबत में फंसा कि उसका बलवान होना कोई काम नहीं आया। गोलू ने जंगल के पशु-पक्षियों से मदद की गुहार लगाई। क्या कोई उसकी मदद के लिए आगे आया?

घमंडी गोलू

एआई इमेज

जंगल तो भाई सभी का होता है। कीड़े, मकोड़ों, पक्षियों और छोटे-बड़े जानवरों सभी को वहां रहने का समान अधिकार है। लेकिन गोलू हाथी ऐसा नहीं मानता था। एक तो पहाड़ जैसा भारी शरीर, ऊपर से बेहद घमंडी। अपने आगे किसी को कुछ समझता ही नहीं था वह। उसे छोटे, कमजोर पशु-पक्षियों को सताने में बहुत मजा आता था।

सुबह का समय था। लाल चींटियों का एक समूह कतार बांधे भोजन की तलाश में रास्ते के किनारे चला जा रहा था। सामने से आ रहे गोलू की निगाह उन पर पड़ी तो उसके मन में शरारत सूझी। चींटियों के पास अपनी सूंढ़ ले जाकर उसने जोर की फूंक मारी। बेचारी चींटियां उछल कर इधर-उधर छितरा गईं। किसी का पैर टूटा। किसी के सिर में चोट लगी तो किसी की पीठ में। बहुत सारी चींटियां तो मर भी गईं।

'हाथी दादा! हमने आप का क्या बिगाड़ा था, जो आपने हमारे साथ ऐसा गलत व्यवहार किया? माना कि आप बहुत शक्तिशाली हैं, हम कमजोर। लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि आप हमें जीने भी नहीं देंगे।' एक चींटी हिम्मत करके बोली।

'चल हट, बहुत बढ़-बढ़कर बात ना कर। बड़ी आई मुझे शिक्षा देने वाली। अभी दूसरी फूंक मारूंगा तो जो थोड़े बहुत तुम लोग बचे रह गए हो, उनका भी पता नहीं चलेगा।' गोलू ने कहा और झूमता हुआ आगे बढ़ गया। नहाने के बाद गोलू पीपल के पेड़ के पास गया और सूंढ़ उठाकर पत्ते खाने लगा। पीपल की जड़ के पास एक चूहा और चुहिया टहल रहे थे। गोलू को देखा तो वे दोनों अपनी बिल के अंदर घुस गए। गोलू ने उनको बिल में घुसते देख लिया था। उसके मन में शरारत सूझी। पत्ते खाने के बाद वह पानी पीने तालाब के पास गया। पानी पीकर लौटते समय उसने अपनी सूंढ़ में पानी भर लिया और चूहे के बिल के अंदर पिचकारी की तरह डाल दिया। बिल के अंदर पानी ही पानी हो गया। वह तो गनीमत थी कि चूहे ने बिल से निकलने का एक-दूसरा रास्ता भी बना रखा था। अपने परिवार सहित वह दूसरे रास्ते से निकल गया।

सुंदर वन में बरगद का एक बहुत पुराना पेड़ था। उस पर ढेर सारे पक्षी अपना घोंसला बना कर रहा करते थे। एक दिन उधर से निकलते समय गोलू ने अपनी सूंढ़ से पकड़ कर बरगद की एक डाल को इतनी जोर से हिलाया कि उस पर बने पक्षियों के घोंसले जमीन पर आ गिरे। उनमें से कई घोंसलों में अंडे थे, जो जमीन पर गिर कर फूट गए। बेचारे पक्षी चीखते रहे, लेकिन गोलू पर कोई असर नहीं हुआ। अपनी मस्ती में झूमता वह आगे बढ़ गया। लेकिन जो जैसा करता है, वैसा भरता भी है। गोलू के साथ भी वैसा ही हुआ। एक दिन सुंदर वन में घूमते वह काफी दूर निकल गया था। देर शाम जब घर लौटने लगा तो वह रास्ता भटक गया। भटकते-भटकते रात हो गई। अंधेरे में वह बबूल वन की तरफ जा पहुंचा। वहां हर तरफ बबूल के कांटे बिखरे हुए थे। गोलू के पैरों में कांटे धंस गए। कांटे धंसे तो वह इधर-उधर भागने लगा। लेकिन जितना ही भागता था, उसके पैर में उतने ही अधिक कांटे धंसते जा रहे थे। आखिर वह पस्त होकर एक जगह गिर पड़ा। उस समय तक सारे पक्षी अपने घोंसलों में और जानवर अपनी मांदों में जा चुके थे। इसलिए गोलू वहां जमीन पर पड़ा सारी रात चिंघाड़ता रहा, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई नहीं आया। सवेरे उधर से उड़ती जा रही गौरैया ने गोलू को जमीन पर पड़े कराहते देखा। उसने भाग कर दूसरे पक्षियों को बताया तो एक-एक कर के सारे पक्षी और जानवर वहां जुट आए। उनको देख कर गोलू रोने लगा। उनसे मदद के लिए गुहार लगाई।

'क्या भाई गोलू जी, तुम तो सुंदर वन के सबसे बलवान जानवर हो। हम छोटे लोग तुम्हारी भला क्या मदद कर सकते हैं?' चमकू गीदड़ हंसते हुए बोला।

'भाई मैं बहुत कष्ट में हूं। मेरी हंसी ना उड़ाओ। अपने घर का रास्ता भूल कर मैं इधर आ गया था। मेरे सारे शरीर में कांटे धंस गए हैं। बहुत दर्द हो रहा है। इन कांटों को निकालो, वरना मेरी जान चली जाएगी।' गोलू ने रोते-रोते विनती की। 'चलो-चलो। तुमने हम लोगों को बहुत परेशान किया है। अब अपने किए की सजा भुगतो तुम।' कल्लू लंगूर बोला। 'साथियों, चाहे जैसा भी हो, गोलू आखिर हमारे सुंदर वन परिवार का ही सदस्य है। इस मुसीबत में हमें इसकी मदद करनी चाहिए।' चुनकू हिरन ने वहां एकत्र जानवरों और पक्षियों से कहा। नेक दिल चुनकू सभी के सुख-दुःख में मदद किया करता था। इसलिए जंगल के सारे जानवर उसकी बहुत इज्जत करते थे। सभी पशु-पक्षी उसकी बात मान गए।

चिल्ह बाज, गिद्ध और कठफोड़वा आदि पक्षियों ने अपनी चोंच से खींच कर गोलू के शरीर में धंसे सारे कांटे निकाल दिए। उसके बाद बंदर, भालू, और गैंडे जैसे कई जानवरों ने गिरे पड़े गोलू को सहारा देकर खड़ा कर दिया। 'मैं अपने घर का रास्ता भूल गया हूं। अब घर कैसे जाऊंगा?' दर्द से कराहते गोलू ने कहा। 'परेशान न हो। मैं आगे-आगे उड़ता चल रहा हूं। तुम मेरे पीछे-पीछे आओ। मैं तुमको तुम्हारे घर तक पहुंचा दूंगा।' सामने डाल पर बैठा कबूतर बोला। गोलू ने सारे जानवरों को धन्यवाद दिया, अपनी शरारतों के लिए माफी मांगी और लंगड़ाता हुआ कबूतर के पीछे-पीछे चल पड़ा। *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय

एआई इमेज

चुहिया की कविता

चंपक वन से निकल रहा था
वन मंगल अखबार
भालू राम चुना गया था
संपादक इस बार।
चुहिया रानी एक दिन पहुंची
संपादक के पास
कुछ कविताएं मेरी भी ले लो
मैं लाई हूं खास।
देख के चुहिया की कविताएं
बोले भालूराम
चुहिया रानी कमी बहुत है
नहीं बनेगा काम।
नए विषय पर चिंतन करके
फिर से सृजन करना
शायद तब संभव हो पाए
उसका जल्दी छपना।

रंग भरो-211

रंग भरो-211 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

दिशा, बिलासपुर

आशना, जांजगीर

कुंजल, रायपुर

सुषमा, कोरबा

समर्थ, रायपुर


सानवी, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, कुसुम-भोपाल, प्रिया-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिव्या-करनाल, कशिश-बिलासपुर, प्रियांशी-कोरबा

रंग भरो 212

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक लड़की पेपर क्राफ्ट्स बना रही है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, जी-65, बाली नगर, नई दिल्ली- 110015 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

सिलाना में मानसिक रूप से बीमार बालक लापता

झज्जर। गांव सिलाना में मानसिक रूप से बीमार बालक बीते करीब डेढ़ माह से लापता है। जब बालक का कोई सुराग नहीं मिल पाया तो उसके परिजनों ने पुलिस में शिकायत देकर बालक की तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस को दी शिकायत में ज्योति ने बताया कि उसका चौदह वर्षीय पुत्र लक्ष्य बीती दो अगस्त को घर पर बगैर बताए कहीं चला गया है। उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं है। पीड़िता के अनुसार वह पहले भी घर से तीन-चार बार जा चुका है लेकिन अपने आप घर लौट आता था। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए नियमानुसार कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

बाइक व स्कूटी ले उड़े चोर, मामला दर्ज

बहादुरगढ़। इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी बढ़ रही है। अब दो और वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में डाकखाने वाली गली के निवासी राजेश अरोड़ा कि उसने गली में स्कूटी खड़ी की थी। कोई अज्ञात चुरा ले गया। इस शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। गांव नूना माजरा में मनजीत की घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। अब तक अपने स्तर पर तलाश करता रहा लेकिन कहीं नहीं मिली। अब पुलिस को शिकायत देकर तलाश की गुहार लगाई है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

डीसी ने समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

झज्जर। वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में डीसी वर्षा खांगवाल ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों को केवल दर्ज करने तक सीमित न रखें, बल्कि उनके समाधान की प्रक्रिया को भी प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएं। इसके अलावा समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए।

एनएसएस कैंप में पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा

छात्राओं ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का दिया संदेश

वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और सावधानियों पर भी प्रकाश डाला गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

बहादुरगढ़। कैंप में बनाए पोस्टर दिखाती एनएसएस स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण एवं योग सत्र के साथ हुई। एनएसएस गीत के उपरांत आइस-ब्रेकिंग गतिविधियां भी आयोजित की गईं। नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण प्रदूषण पर पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन एवं रंगोली निर्माण प्रतियोगिताएं हुईं।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने नशा मुक्त, डिजिटल रूप से कुशल एवं विकसित भारत विषय पर छात्राओं को उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। एनएसएस की भावना के अनुरूप समाज और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा नैन के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इन महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर जागरूकता संदेश प्रस्तुत किए। रंगोली, पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया। वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और सावधानियों पर भी प्रकाश डाला गया। नशा मुक्ति विषय पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को नशामुक्त जीवन, डिजिटल सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक किया।

बहादुरगढ़। आईटीआई में पौधे लगाती स्वयंसेविकाएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

स्वयंसेविकाओं ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के मार्गदर्शन में एनएसएस-डे पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय एवं जन जागरूकता गतिविधियां का आयोजन किया।

एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। इसके पश्चात आईटीआई में पीस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान से पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखने का संकल्प लिया गया। पीस फाउंडेशन से कविता सोनी के दिशा-निर्देशन में सचिन कुमार व राजेंद्र छिल्लर उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि ऐसी गतिविधियां छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, सहयोग, अनुशासन और सेवा भावना को मजबूत करती हैं।

प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अन्नू शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को समाज एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझाई। स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर लोगों को सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया।

झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

स्वयंसेवकों को बताया एनएसएस का महत्व

झज्जर। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में 58वां एनएसएस दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल ने की। एनएसएस गीत से शुरू हुए इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के लिए एनएसएस शपथ ली। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ, गीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा एनएसएस के आदर्श वाक्य स्वयं से पहले आप पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्राचार्या डॉक्टर संतोष ने कहा कि एनएसएस युवाओं में निस्वार्थ सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉक्टर सविता यादव, डॉक्टर रीना तक्षक, नवबहार यादव और दीपक सैनी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

स्वयंसेवकों को समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

राजकीय पीजी महाविद्यालय दूबलधन में एनएसएस इकाई की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया ने की। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है।

उन्होंने स्वयंसेवकों से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। एनएसएस इकाई-1 के प्रभारी डॉक्टर अमित कादियान ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है।

झज्जर। समाज व राष्ट्रहित में सक्रिया योगदान संबंधी शपथ लेते हुए स्वयंसेवक।

इकाई-2 की प्रभारी डॉक्टर सरला ने कहा कि एनएसएस युवाओं को सेवा और संवेदनशीलता का संस्कार देता है तथा उन्हें सामाजिक चुनौतियों को समझने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों एवं महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का संकल्प भी दिलाया गया।

झज्जर। एनएसएस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण करते हुए शिक्षक एवं स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुशील दलाल ने की। कार्यक्रम अधिकारी पिंकी रानी ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व, उद्देश्यों एवं समाज सेवा में इसकी भूमिका बारे जानकारी दी। इस दौरान स्वयंसेवकों का माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया तथा उन्हें संबंधित क्विज में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण सरंक्षण का संदेश भी दिया। प्राचार्य सुशील दलाल ने स्वयंसेवकों को एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज में छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा

बहादुरगढ़। शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में सेवा संकल्प के अंतर्गत वाईआरसी, वूमेन सेल व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण के साथ हुआ। महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। द्वारका के वेंकटेश्वर हॉस्पिटल द्वारा आयोजित शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। कैंप में करीब 250 छात्राओं ने स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉ. ऐश्वर्या के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण चिकित्सकीय परामर्श दिया। वाईआरसी काउंसलर डॉ. सीमा, एनएसएस इंचार्ज डॉ. आशिमा तथा वूमेन सेल की टीम ने शिविर के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। प्राचार्या अलका गुलाटी ने सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय-समय पर आवश्यक स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया।

बहादुरगढ़। कैंप में जांच करवाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में स्वयंसेवकों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में एनएसएस यूनिट-1 और 2 की ओर से संयुक्त रूप से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रशासनिक प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर दलबीर हुड्डा ने की। मैं नहीं आप-द स्पिरिट ऑफ एनएसएस प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की कुसुम ने प्रथम और कीर्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की जिया, आंचल और कोमल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर राजेश और अमित शामिल रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनीता ने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्यों, सामाजिक सेवा और सामुदायिक सहभागिता बारे जानकारी दी।

बादली कॉलेज परिसर में की सफाई

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा एक दिवसीय शिविर एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के ग्राउंड में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान से की गई। स्वयंसेवकों ने ग्राउंड में श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की तथा परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया। इसके पश्चात डॉ. रेनू गुलिया की देखरेख में ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली तथा समाज के प्रति स्वयंसेवकों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्हें सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी संदीप ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया तथा विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ सुमित्रो, अजय अवस्थी व डॉ रवि भी मौजूद रहे।

बहादुरगढ़। बादली कॉलेज में सफाई करती स्वयंसेविकाएं।

सौंधी में लगे शिविर में 73 ग्रामीणों ने कराई दंत जांच

झज्जर। रिलायंस की ओर से परियोजना क्षेत्र के गांव सौंधी में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसजीटी विश्वविद्यालय के दंत चिकित्सा विभाग की टीम ने सेवाएं दीं। इस दौरान 73 ग्रामीणों के दांतों की जांच की गई और उन्हें मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जांच के दौरान 9 मरीजों के दांतों की पेशेवर सफाई की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को उपचार व परामर्श दिया गया। शिविर के संचालन में रिलायंस की ओर से चंचल, अक्षय व नीलम सिंह तथा एसजीटी विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टर सुरभि, डॉक्टर आरजू, अंजलि, सुनील सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

भाषण एवं चित्रकला में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से ब्लॉक स्तर पर विजेता रहे करीब पांच सौ विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने भाषण और चित्रों के माध्यम से सेवा, संस्कार, सामाजिक सरोकार तथा विकसित भारत की परिकल्पना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 5100 रुपये, द्वितीय को 3100 रुपये, तृतीय को 2100 रुपये तथा चौथे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 1100 रुपये का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

जिले के 13 शिक्षकों ने लिया योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण

झज्जर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा योग आयोग एवं पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में 17 से 23 सितंबर तक योग प्रशिक्षक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रदेश के सभी जिलों से करीब 200 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें जिले के 13 प्रतिभागी शामिल रहे। प्रदेश के सभी विद्यालयों में तीसरी से बारहवीं कक्षा तक योग को आवश्यक विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षित योग शिक्षक डीपीई, पीटीआई और प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को योग प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

छारा कॉलेज में हुआ ध्यान योग शिविर

बहादुरगढ़। छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के 58वें स्थापना दिवस के अवसर पर योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को योग, ध्यान एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। सीएचसी छारा की योग विशेषज्ञ डॉ. रीना कुमारी ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग एवं ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. सुशील दलाल ने विद्यार्थियों से सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का आह्वान किया। डॉ. अनीता दलाल ने भी विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता की देखरेख में हुए कार्यक्रम में सभी ने स्वस्थ जीवनशैली एवं सामाजिक सेवा का संकल्प लिया।

फसल अवशेष जलाने की बजाय मिट्टी में मिलाएं किसान : डीसी

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि जिले में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रोक को लेकर प्रशासन सतर्क है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में सक्रिय रहते हुए नियमित मॉनिटरिंग करें। किसान फसल अवशेष प्रबंधन स्कीमों अपनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड में नियमित दौरे सुनिश्चित करें और जहां कहीं भी पराली जलाने की आशंका हो, वहां पहले से ही प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके अलावा पंचायतों और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी के लिए जोड़ा जाए।

स्वयंसेविकाओं ने की जसौरखेड़ी में सफाई

बहादुरगढ़। जसौर खेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में 58वें राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनैना के मार्गदर्शन में छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कार्यों एवं समाज के प्रति स्वयंसेवकों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं का मेरा भारत पोर्टल पर पंजीकरण करवाया गया तथा उन्हें विकसित भारत युवा नेतृत्व प्रश्नोत्तरी में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय के खेल मैदान की साफ-सफाई एवं समुचित व्यवस्था में सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका, डॉ. सुनील, डॉ. अनिल, डॉ सुनील कुमार व अजय कुमार उपस्थित रहे।

सामाजिक दायित्व निभाने की शपथ ली

बहादुरगढ़। शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूलमें एनएसएस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक आशु ने एनएसएस के उद्देश्यों एवं महत्व से अवगत करवाया। स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि वे समाज में उत्पन्न होने वाली विषम परिस्थितियों में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और अन्य जनहितकारी गतिविधियों में सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश वत्स ने बताया कि 24 सितंबर 1969 को राष्ट्रीय सेवा योजना का औपचारिक शुभारंभ तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. वीकेआरवी राव ने किया था।

दो दिवसीय सेवा सेतु कैंप का समापन

बहादुरगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय महिला कॉलेज परिसर में आयोजित दो दिवसीय सेवा सेतु कैंप वीरवार को संपन्न हो गया। नप के ईओ संजय रोहिल्ला के अनुसार कैंप नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया गया।

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि सेवा सेतु कैंप का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों तक सहज एवं सरल तरीके से पहुंचाना है। ऐसे कैंप के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझने में सुविधा मिलती है। दो दिवसीय कैंप में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को विभागीय योजनाओं, सरकारी सेवाओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कैंप में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। यहां आने वाले नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया गया।

कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़
नोटिस आम जनता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्णमल (पुत्र), हीरा लाल (पुत्र), दर्शना (पुत्री) स्व. श्री राधेश्याम निवासी मांडौठी बाजार/ईमली वाला मौहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3BKYOQM3 वार्ड नंबर-24 कॉलोनी ईमली वाला मौहल्ला, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में राधेश्याम के नाम से दर्ज है। राधेश्याम की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति आईडी नंबर-3BKYOQM3 वार्ड नंबर-24 कॉलोनी ईमली वाला मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा, इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नंबर-3BKYOQM3/37 वर्ग गज पूर्णमल (पुत्र), हीरा लाल (पुत्र), दर्शना (पुत्री) स्व. श्री राधेश्याम के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़

(सार्वजनिक सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धर्मेन्द्र पुत्र रामानन्द, निवासी मकान न0 44. चन्दू पोस्ट बुढ़ेड़ा, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 का स्थाई निवासी हूं एवं भूमि रकबा 14 कनाल 7 मरले बरूवे खेवट न. 1467 मिन/1231, खाता न0 1522 मिन, मु.न.295, किला न. 6/2(7-0), 14(7-7), किते 2 तादादी रकबा 14 कनाल 7 मरले सालम भाग. (हदबस्त नंबर 72), जमाबन्दी वर्ष 2023-2024 वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के अनुसार पूर्ण मालिक व काबिज हूं।

मैंने उपरोक्त वर्णित भूमि पंजीकृत बैयनामा वसीका संख्या 5166, दिनांक 22.01.2026 जो कि सब-रजिस्ट्रार बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के कार्यालय में पंजीकृत हैं, के द्वारा खरीद की हुई है। दिनांक 11.09.2026 को मैं उपरोक्त पंजीकृत बैयनामा की असल प्रति लेकर उसकी फोटोकॉपी कराने के लिए गुरुग्राम बाजार में गया था। फोटोकॉपी कराकर जब मैं घर वापिस पहुंचा तो देखा कि पंजीकृत बैयनामा की असल प्रति मेरे पास नहीं हैं और बाजार से घर आते समय रास्ते में कहीं खो गई है। मेरे द्वारा की गई हर संभव को राजेन्द्र खोज के बावजूद मैंने पंजीकृत बैयनामा की असल प्रति नहीं मिली। उसके बाद मैंने दिनांक पार्क, पुलिस स्टेशन में पंजीकृत बैयनामा की असल प्रति के खो जाने की प्राथमिकी दर्ज करा दी थी, जिसका एपलीकेशन क्रमांक न. 132270752601148 है।

मैं घोषणा करता हूं कि मैंने उपरोक्त पंजीकृत बैयनामा में वर्णित भूमि के सम्बन्ध में क्रय-विक्रय बाबत किसी किस्म का कोई अनुबन्ध या बैयनामा निष्पादित नहीं किया हैं, और ना ही उक्त भूमि के असल पंजीकृत बैयनामा को बंधक बनाकर कोई लोन/ऋण लिया हुआ है, ना ही असल पंजीकृत बैयनामा किसी बैंक में जमा किए हुए हैं और न ही असल पंजीकृत बैयनामा किसी अन्य व्यक्ति को किसी भी तरह से सौंपा है और उक्त जमीन सभी प्रकार के बंधनों से मुक्त है।

मैं गांव बादली में स्थित अपनी उपरोक्त वर्णित जमीन को मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड कम्पनी जिसका पंजीकृत कार्यालय तीसरी मंजिल, 77-बी, इफको रोड, सेक्टर 18. गुरुग्राम 122015, हरियाणा में है, को बैय करने की प्रक्रिया में हूँ। जिसके लिए मुझे असल पंजीकृत बैयनामा उक्त कंपनी को सौंपने की आवश्यकता है।

सभी इच्छुक व्यक्तियों,दावेदारों/आपत्तिकर्ताओं, यदि कोई हो, से मेरी वर्णित भूमि के उपरोक्त असल पंजीकृत बैयनामा एवं प्रस्तावित बैयनामा के सम्बन्ध में सभी प्रकार के दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं जोकि इस नोटिस के प्रकाशन से 10 (दस) दिनों की अवधि के अन्दर अन्दर अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में सम्बन्धित दस्तावेज एवं सबूत कंपनी के वकील श्री विनय कुमार सैनी, एडवोकेट, जिसका कार्यालय दूसरी मंजिल, मकान नंबर 285, सेक्टर 14, गुरुग्राम 122001, हरियाणा, मोबाईल नंबर 9810203697, ईमेल: svkggn @yahoo.com के पास प्रस्तुत कर देंवे।

यदि उपरोक्त अवधि के अन्दर कम्पनी के वकील को कोई दावा/आपत्ति प्रास नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि मेरे अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति, अधिकार, स्वामित्व या हित नहीं है और कंपनी बैयनामा निष्पादित करने के लिए स्वतंत्र होगी। इसके अतिरिक्त जनता जनार्दन से अनुरोध है कि यदि किसी को उपरोक्त वर्णित पंजीकृत बैयनामा की असल प्रति मिलें तो वे असल प्रति कम्पनी के वकील श्री विनय कुमार सैनी, एडवोकेट के उपरोक्त पते पर लौटा दें।

दिनांक : 22.09.2026
स्थान : गुरुग्राम, हरियाणा

हस्ताक्षर
धर्मेन्द्र

खबर संक्षेप

चेतना व राइशा ने महेंद्रगढ़ में जीते कांस्य पदक

बहादुरगढ़। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ की नौवीं कक्षा की छात्रा चेतना व राइशा ने महेंद्रगढ़ में हुई एसजीएफआई राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते। अंडर-17 वर्ग में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किए।

सेवा फस्ट इनोवेशन चैलेंज में भागीदार बनें युवा शक्ति

झज्जर। जिला उद्योग केंद्र की संयुक्त निदेशक संजीत कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा फस्ट इनोवेशन चैलेंज का शुभारंभ किया गया है। यह चैलेंज उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा नोडल विभाग के रूप में संचालित किया जा रहा है।

32वां श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव एक को

बहादुरगढ़। श्री श्याम नवज्योति मंडल की ओर से एक अक्टूबर को माहेश्वरी भवन में 32वां श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें धर्म नागर, मुस्कान राजपूत, प्रीति सोनी, गौरव भारद्वाज, संजय शर्मा व जगदीश सैनी श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

एसजीएफआई प्रतियोगिता में जीडी गोयनका के तैराकों का जलवा

राज्य स्तरीय तैराकी स्पर्धा में शोभित मयंक और अरमान ने जीते पदक

बहादुरगढ़। स्कूल स्टाफ के साथ अरमान, शोभित और मयंक यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

एचएल सिटी में हुई एसजीएफआई राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ के होनहार तैराकों ने कई पदक जीते और विद्यालय को गौरवान्वित किया। शोभित और मयंक यादव का चयन एसजीएफआई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

स्कूल चेयरपर्सन शैलजा जून के साथ प्रिंसिपल ने भी विजेता खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी। बता दें कि दसवीं कक्षा के प्रतिभाशाली तैराक अरमान सिंह मान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर और 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धाओं में कांस्य पदक हासिल कर दोनों स्पर्धाओं में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बारहवीं कक्षा के छात्र शोभित ने अपनी शानदार तैराकी का प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने 50 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। नौवीं कक्षा के होनहार तैराक मयंक यादव ने इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन ने नेशनल के लिए चयनित शोभित और मयंक यादव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कराटे में छाए झज्जर के खिलाड़ी

बहादुरगढ़। महेंद्रगढ़ में हुई 59वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलों की कराटे प्रतियोगिता में झज्जर जिले के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 में यहां की लड़कियों ने तीसरा स्थान हासिल किया। कुल 3 गोल्ड, 1 सिल्वर व 8 ब्रांज मेडल जीते। झज्जर महिला टीम की कोच रजरानी ने बताया कि 20 से 23 सितंबर को महेंद्रगढ़ के यदुवंशी शिक्षा निकेतन में 59वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेलों की लड़कियों की कराटे स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-14, 17 व 19 वर्ग के 33 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमें अंडर-17 वर्ग की लड़कियों में 52 किलोग्राम भार में एसआर सेंचुरी स्कूल की पारुल ने स्वर्ण पदक हासिल किया। अंडर-19 के 56 किलोग्राम भार में विजया स्कूल की सोनिका व 68 किलोग्राम में बालभारती स्कूल वर्षिता ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, बालभारती स्कूल की दीपांशी ने रजत पदक जीता। इन्हीं के साथ बिरला ओपन माइंड स्कूल की साइना छिल्लर, एसआर सेंचुरी स्कूल की अनिका छिल्लर-दिव्यानी व हरदयाल स्कूल की मैत्री, जीडी गोयनका स्कूल की रईशा-चेतना, बालभारती स्कूल की रुत्वा छिल्लर व राजकीय मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरगढ़ की महक ने कांस्य पदक हासिल किया। इन्हीं पदकों के साथ लड़कियों की अंडर 19 की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। अभिभावक जस्सी उर्फ जसविंद्र जून, मनोज छिल्लर, अमित छिल्लर, देवराज देशवाल, घनश्याम, कराटे कोच इशांत राठी, डीपीई सुमित छिल्लर, संदीप, विशाल मालिक, प्रमोद कुमार व अमित ने विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

ताइक्वांडो में युगल ने जीता रजत पदक

बहादुरगढ़। पानीपत में हुई सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बाबा रामदास एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी की खेल नर्सरी के खिलाड़ी युगल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 के 45 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मेडल जीता। संस्थान नवीन देशवाल ने युगल की इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी। कोच विशाल चतुरभुज ने कहा कि युगल ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। वह भविष्य में भी मेहनत और लगन से उपलब्धियां हासिल करेगा।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रियांशु ने जीता कांस्य पदक

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ के खिलाड़ी प्रियांशु ने राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। प्रियांशु ने अपनी मेहनत, अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन शरद यादव ने प्रियांशु को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। प्राचार्य प्रदीप नेहरा ने भी प्रियांशु की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

झज्जर। होनहार प्रतिभागी अपने प्रशिक्षक के साथ।

एचडी साल्हावास के छह हैंडबाल खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे हरियाणा टीम का नेतृत्व

झज्जर। स्कूली स्टेट हैंडबाल प्रतियोगिता में एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की अंडर-17 आयुवर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा में तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। हैंडबाल कोच नुकुल जाखड़ ने बताया कि विद्यालय की अंडर-17 टीम से मंदीप, ध्रुव व लक्ष्य तथा अंडर-14 टीम से रिंकु, दीपांशु और वंश ये छह खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम का नेतृत्व करेंगे। एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छह खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय देते हुए आगामी स्पर्धा के लिए अपना मार्ग प्रशस्त किया है, जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। विद्यार्थियों के उम्दा प्रदर्शन पर एच डी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्या प्रीति राठी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आदर्श स्कूल की टीम ने जीती चैंपियनशिप ट्रॉफी

झज्जर। प्राचार्य मदनलाल शर्मा के साथ उपस्थित विजेता टीम के खिलाड़ी।

झज्जर। हरियाणा स्टेट लेवल स्कूल गेम्स में आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहांगीरपुर की फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। टीम की जीत से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्कूल प्राचार्य मदन लाल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में भिवानी की टीम को 2-0 से हराया। फाइनल में जहांगीरपुर की टीम ने करनाल को 4-1 से हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। स्कूल डायरेक्टर कर्मवीर गुलिया ने कहा कि यह जीत साबित करती है कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का का लोहा मनवा सकते हैं।

संस्कारम के लॉ विद्यार्थियों ने किया एडीआर सेंटर का भ्रमण

झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं अन्य।

झज्जर। संस्कारम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के विद्यार्थियों ने रेवाड़ी स्थित ऑल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वैकल्पिक विवाद समाधान, मध्यस्थता, लोक अदालत तथा मोटर वाहन दुर्घटना से जुड़े कानूनी प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी हासिल की। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने विद्यार्थियों को एडीआर, मध्यस्थता और लोक अदालत की भूमिका बारे जानकारी दी। अधिवक्ता राजीव गुप्ता ने मध्यस्थता व सुलह-समझौते की उपयोगिता, जबकि अधिवक्ता हरीश ने मोटर व्हीकल एक्ट, दुर्घटना बीमा दावों, आवश्यक दस्तावेजों तथा एमएसीटी की कार्यवाही बारे अवगत कराया। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुशील शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक अधिगम के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

मातन में लगा जेरियाट्रिक कैंप

बहादुरगढ़। बुजुर्गों को जरूरी जानकारी देती डॉ. नीलम पंवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को गांव मातन स्थित आयुष आरोग्य मंदिर में जेरियाट्रिक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 30 लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विशेष रूप से बुजुर्गों को ऋतुचर्या के बारे में जानकारी दी गई और स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। डॉ. नीलम पंवार ने बताया कि बदलते मौसम के अनुसार खान-पान और दिनचर्या में आवश्यक बदलाव करना स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। कैंप में बुजुर्गों को नियमित योग, प्राणायाम और संतुलित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि मतन स्थित आयुष आरोग्य मंदिर में प्रतिदिन सुबह सवा 9 से साढ़े 10 बजे तक आयुष योग सहायिका वीना और सुनीता द्वारा लोगों को योग एवं प्राणायाम करवाया जाता है। इसके अलावा प्रत्येक वीरवार को विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए जेरियाट्रिक कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसमें उनके स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी देने के साथ योगाभ्यास भी करवाया जाता है।

झज्जर। शिविर में बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सीय टीम।

661 लोगों की स्वास्थ्य जांच की

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को सेवा मेरा योगदान थीम पर आयुष विभाग द्वारा जिलाभर में 76 आयुष स्वास्थ्य जांच शिविर, औषधीय पौधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर सुमन ने बताया कि सेवा मेरा योगदान थीम के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों में जिलाभर के लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धति, स्वस्थ जीवनशैली और योग के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान 661 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया, जबकि 1178 लोगों ने योग अभ्यास में भाग लिया।

खबर संक्षेप

आरजे हॉस्पिटल में सीजीएचएस कैशलेस सुविधा शुरू

बहादुरगढ़। शहर के आरजे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत इलाज की सुविधा शुरू हो गई है। सीजीएचएस पैनल में शामिल होने के बाद अब केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनर्स और योजना के पात्र लाभार्थियों को बहादुरगढ़ में ही निर्धारित नियमों के तहत कैशलेस चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। आरजे हॉस्पिटल के चेयरमैन राजेश जून ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। यहां स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम के साथ एमआरआई, मैमोग्राफी, वेंटिलेटर और एम्बुलेंस जैसी अहम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीजीएचएस पैनल की सुविधा शुरू होने से केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को इन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अपने शहर में ही मिलेगा।

राजेश जून

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

बेरी। जिले भर में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान थीम पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सेवा मेरा योगदान थीम पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गांव सफीपुर सहित अन्य गांवों में स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बेरी धर्मपाल बाल्याण ने कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ समाज की पहचान है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता ही सेवा को जन आंदोलन बनाकर गांव को साफ-सुथरा और आदर्श बनाने में सहयोग देने की अपील की। वहीं ग्राम सभा में स्वच्छता ही विषय पर चरचा करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

बाघपुर में दिया जा रहा मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

झज्जर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा क्षेत्र के गांव बाघपुर में मशरूम उत्पादन एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम की विभिन्न किस्मों, उपयुक्त वातावरण, स्पॉन, भूसा तैयार करने, बैग भरने, तापमान व नमी प्रबंधन, रोगों से बचाव, कटाई, पैकिंग और मार्केटिंग की जानकारी दी जा रही है। संस्थान के निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने बताया कि कम जगह और सीमित संसाधनों में मशरूम उत्पादन शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसान व ग्रामीण परिवार छोटे कमरे या घर से भी इसकी शुरुआत कर आय का साधन बना सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मशरूम की बिक्री, मूल्य निर्धारण और तैयार उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की देखभाल पर चर्चा

बहादुरगढ़। नूना माजरा के बाबा रामदास इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन में आरसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त तीन दिवसीय सतत शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष नवीन देसवाल, डॉ भोम सिंह मीना व सोनू जांगड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया। इसमें हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के व्यावसायिक पुनर्वास कर्मियों ने भाग लिया। विभिन्न पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा समाज में दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान और उनके देखभाल के बारे में चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देने के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

पदक विजेताओं का किया अभिनंदन

बहादुरगढ़। आयोजकों के साथ पदक विजेता पारुल।

बहादुरगढ़। महेंद्रगढ़ में हुई 59वीं हरियाणा राज्य विद्यालय खेल प्रतियोगिता में सेंच्युरी स्कूल की छात्राएं छाई रही। पदक विजेता छात्राओं का स्कूल में अभिनंदन किया गया। छात्रा पारुल ने अंडर-17 के 52 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के आधार पर उसका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं अंडर 14 के 42 किलोग्राम भारवर्ग में दिव्यानी व अनिका ने 38 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीते। निदेशक संजीत राठी, प्रिंसिपल वीएन झा सहित तमाम शिक्षकों ने खुशी जताते हुए विजेताओं को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

बहादुरगढ़। स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ ललित।

जन्मदिन पर ललित ने स्कूल संवारा

बहादुरगढ़। संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति के सदस्य व दिल्ली पुलिस में कार्यरत ललित रंगा ने अपने जन्मदिन पर गांव सांखोल के सरकारी स्कूल को कुर्सियां भेंट की। ललित रंगा ने कहा कि ऐसे प्रयासों से व्यक्तिगत खुशी को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा जा सकता है। विद्यालय परिवार ने ललित रंगा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका किरण लता, यशपाल मलिक, निशा, उमेश, अनीप, संजय कलसन और अमरजीत आदि मौजूद रहे।

जैन अनुयायियों ने की उत्तम आकिंचन धर्म उपासना



बहादुरगढ़। वीरवार को जैन मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

दशलक्षण महापर्व के 9वें दिन वीरवार को जैन धर्मावलंबियों ने उत्तम आकिंचन धर्म उपासना की। गांधी चौक स्थित श्री पद्म प्रभु जैन मंदिर, अग्रवाल कॉलोनी स्थित जैन मंदिर, संत कॉलोनी स्थित जैन मंदिर व अनाज मंडी स्थित पांडुशिला पक्षी दाना स्थल पर विधान के साथ जैन अनुयायियों ने उत्तम आकिंचन धर्म उपासना की।

सकल जैन समाज के महासचिव अरविंद जैन और पांडुशिला समिति प्रधान सुनील जैन ने कहा कि आकिंचन का अर्थ परिग्रह को छोड़ना है। जितना परिग्रह, उतना तनाव। मनुष्यों को केवल अपने सम्मान की परवाह नहीं करनी चाहिए। बल्कि दूसरे व्यक्ति को आपकी बातों के कारण आत्म सम्मान पर ठेस नहीं पहुंचे, इसके लिए प्रयास करना चाहिए। सार्वजनिक रूप से आपकी आलोचना करने वाले व्यक्ति कभी आपके शुभचिंतक नहीं हो सकते। परिग्रह मनुष्य की शांति को छीन लेता है। उन्होंने कहा कि धन का लोभ दुःख है और धन की प्राप्ति हो जाना दुःख में वृद्धि है। मोक्ष मानव का अंतिम लक्ष्य है। मनुष्यों को 24 घंटे में कम से कम 2 घंटे भगवान की प्रार्थना, भक्ति एवं ध्यान के लिए निश्चित निकालना चाहिए।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

झज्जर। पौधरोपण के दौरान प्राचार्य दलबीर सिंह, विशिष्ट अतिथि और स्वयंसेवक।

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक और दो का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य दलबीर सिंह ने किया और बतौर विशिष्ट अतिथि योग एवं ध्यान विशेषज्ञ फूल सिंह ढाका और वीरेंद्र फौगाट ने शिरकत की। फूल सिंह ढाका ने कहा कि ध्यान का संबंध मन या विचार से है। इसमें अपनी भूमिका दृष्टा की होती है। जीवन में सत्य आचरण करना चाहिए और किसी बात की चिंता नहीं करनी चाहिए। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

नेहरू कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का आगाज

गजल गायन व सितार वादन में तन्नू प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाते हुए छात्रा।

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में वीरवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। पहले दिन साहित्यिक, संगीत और ललित कला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह ने प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इसलिए विद्यार्थी बढ़ चढ़कर इन गतिविधियों में भाग लें।

ये रहे परिणामः मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि गजल गायन में बीए तृतीय वर्ष की तन्नू प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष का भव्य द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की शिल्पा तृतीय रही। सितार वादन में बीए तृतीय वर्ष की तन्नू प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की नीतू द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष का मोहित तृतीय रहा। शास्त्रीय संगीत में बीए द्वितीय वर्ष की मानसी प्रथम रही। तबला वादन में बीए प्रथम वर्ष का रोहित पहले स्थान पर रहा। हिन्दी कविता पाठ में बीएससी द्वितीय वर्ष की हिमांशी प्रथम, बीएससी प्रथम वर्ष की मेघना द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की प्रिया तृतीय रहे। हिन्दी भाषण में बीएससी द्वितीय वर्ष की हिमांशी प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की क्षमा द्वितीय और बीएससी प्रथम वर्ष की मेघना तृतीय रही। वहीं संस्कृत श्लोकोच्चारण में बीए द्वितीय वर्ष की प्रिया प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की दीपिका द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की तन्नू तृतीय रही। हरियाणवी कविता पाठ में एमएससी गणित द्वितीय वर्ष की निशा प्रथम और बीएससी प्रथम की मेघना द्वितीय रही। अंग्रेजी भाषण में बीएससी प्रथम वर्ष की मेघना प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की संजना द्वितीय और बीएससी गणित द्वितीय वर्ष का सुमित तृतीय रहा। अंग्रेजी कविता पाठ में बीएससी द्वितीय वर्ष की हिमांशी प्रथम रही।